Title: Need to set up an LPG bottling plant at Bhagalpur, Bihar.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : भागलपुर में एल.पी.जी. गैस बॉटलिंग प्लांट की स्थापना का कार्य कई वर्षों से लम्बित है। इसके लिये भागलपुर-दुमका पथ पर आवश्यक भूमि का अधिग्रहण कार्य भी किया गया, किन्तु किसी कारणवश निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका।

इस क्षेत्र में एल.पी.जी. गैस उपभोक्ताओं की भीाण समस्या तथा बिहार राज्य पुनर्गठन के बाद यहां औद्योगिक विकास के पिछड़ापन को ध्यान में रखते हुये आई.ओ.सी. /बी.पी.सी. /एच.पी.सी. में से किसी का एल.पी.जी. गैस बॉटलिंग प्लांट शीघ्र स्थापित करने हेतु भारत सरकार से मांग करता हूं।